# गीता विश्व को निष्काम कर्म का संदेश देती: सीएम

**उद्घाटन**

उत्तराखंड पैवेलियन और प्रथम गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव की प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

## मुख्यमंत्री ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन की दी बधाई



अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के शुभारंभ अवसरं पर सीएम त्रिवेंद्र सिंह रावत।

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कुरूक्षेत्र, हरियाणा में आयोजित चौथे अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में अंतरराष्ट्रीय गीता सेमिनार में सम्बोधित करते हुए कहा कि गीता विश्व को निष्काम कर्म का संदेश देती है। जीवन का लक्ष्य भौतिक संसाधनों की प्राप्ति नहीं बल्कि सुख प्राप्ति है। यही कारण है कि अब इनकम इंडेक्स के साथ ही हैप्पीनेस इन्डेक्स की बात की जाने लगी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि गंगा के साथ ही गीता और उपनिषद जैसे ग्रन्थों से हमारी पहचान है। इनमें सच्चे सुख का सार मौजूद है। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के गांव–गांव में पांडवों की स्मृतियां विद्यमान हैं। यहां शुभ अवसरों पर पांडवों से जुड़े चक्रव्यूह आदि का मंचन होता है। पांडव नृत्य अकल्पनीय होते हैं।

उत्तराखण्ड में लाखा मण्डल पांडवों से जुड़ा स्थान है। इससे पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने हरियाणा के राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के साथ उत्तराखंड पैवेलियन और प्रथम गुरु नानक देव के 550वें प्रकाशोत्सव की प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव का आयोजन हरियाणा सरकार द्वारा किया जा रहा है। उत्तराखण्ड इसमें पार्टनर स्टेट के रूप में प्रतिभाग कर रहा है।

इस अवसर पर शिक्षामंत्री हरियाणा कंवरपाल गुर्जर, गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज, हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष राजीव बिंदल, जिम्बाब्वे के हाई कमिश्नर, नेपाल के डिप्टी हाई कमिश्नर सहित देश विदेश से आए गणमान्य उपस्थित थे।


# Page Three

## Classified

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


## दून विवि के कुलपति की नियुक्ति को अघ्वैध बताकर हाईकोर्ट ने निरस्त किया

**संवाददाता** नैनीताल। उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को बड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने राज्य के ख्याति प्राप्त दून विश्वविद्यालय के कुलपति की नियुक्ति को अघ्वैध बताते हुए निरस्त कर दिया है। कोर्ट ने सरकार को आदेश दिया है कि जल्द नई सर्च कमेठी का गठन कर नए कुलपति की नियुक्ति नियम के तहत करें। दून निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक यज्ञदत्त शर्मा ने इस मामले में हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की है। इसमें कहा कि देहरादून विवि के वीसी सीएस नौटियाल ने अपनी नियुक्ति के लिए तैयार किए बायोडाटा में गलत तथ्य दिए हैं। उनकी नियुक्ति यूजीसी और सीएसआईआर के नियमों के विरुद्ध हैं। तत्कालीन शिक्षा सचिव डॉ. रणवीर सिंह की पहल पर उन्हें वीसी के पद पर नियुक्ति मिली है। याचिका में कहा कि कुलपति बनाए नौटियाल के पास शिक्षण का दस वर्ष का अनुभव तक नहीं है। इसके चलते वे वीसी पद के योग्य नहीं है। सीएसआईआर ने इस मामले में छूट के कोई आदेश भी पारित नहीं किए हैं। वीसी के चयन के लिए बनाई गई कमेटी भी नियमानुसार नहीं बनी है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रमेश रंगनाथन व न्यायमूर्ति आलोक वर्मा की खंडपीठ ने मामले में फैसला देते हुए कुलपति की नियुक्ति को अवैध ठहराते हुए निरस्त कर दिया।

## समाज में आज दिव्यांगों के प्रति सोच बदल रही

**संवाददाता**

अल्मोड़ा। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर आज जिला समाज कल्याण विभाग अल्मोड़ा के तत्वाधान में मंगलदीप विद्या मन्दिर खत्याड़ी में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी राजीव नयन तिवारी ने कहा कि समाज में आज दिव्यांगों के प्रति सोच बदल रही हैं तथा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार द्वारा दिव्यांगों के कल्याण के लिए कई महत्वकांक्षी योजना संचालित हो रही है जिसके लिए उन्होंने सभी दिव्यांगों को संचालित योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग जनों को समाज की मुख्य धारा से जोडने के लिए उन्हें सरकार द्वारा संचालित योजनाओ से लाभान्वित करना होगा।



अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांग व अन्य।

इस अवसर पर उन्होंने दिव्यांग जनों के लिए सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि 40 प्रतिशत के अधिक दिव्यांग को दिव्यांग पेंशन उपलब्ध करायी जाती हैं। जिसके लिए उन्हें मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाना आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा समय–समय पर बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किये जाते हैं जिसके माध्यम से दिव्यांग जनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र एवं पेंशन आदि की जानकारी प्रदान की जाती हैं। जिन बच्चों के माता–पिता दोनो दिव्यांग है या किसी बीमारी के कारण ग्रसित है या फिर अनाथ बच्चे है तो ऐसे बच्चों के शिक्षा एवं भरण पोषण के लिए सरकार द्वारा प्रतिमाह 02 हजार की धनराशि प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा स्वरोजगार के हेतु दिव्यांगजनों को 80 हजार तक का ऋण उपलब्ध कराया जा रहा हैं। इस अवसर पर दिव्यांग पेंशन एवं अनुदान योजना से सम्बन्धित आवेदन पत्र भी वितरित किये गये।



श्रीराम कथा के लिए भूमि पूजन करते हुए।

## श्रीराम कथा में निहित है जन कल्याणः मदन कौशिक

**संवाददाता** हरिद्वार। विश्व शान्ति और जन कल्याण के लिए 5 दिसंबर से होने जा रही श्रीराम कथा के लिए आयोजन समिति ने कथा स्थल खूबसूरत मैदान पर भूमि पूजन कर ईश्वर से आयोजन को निर्विघ्न सम्पन्न करवाने की प्रार्थना की। इस अवसर पर कथा के प्रेरक कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक ने कहा कि राम कथा में जन कल्याण निहित है। भगवान राम का पावन चरित्र समाज में मर्यादाओ को स्थापित करने वाला है और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

## समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** अल्मोड़ा। प्रभारी जिलाधिकारी मनुज गोयल की अध्यक्षता में आज तहसील दिवस कार्यक्रम कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान कुल 03 शिकायतें, समस्यायें फरियादियों द्वारा दर्ज की गयी। प्रभारी जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों के समक्ष बारी–बारी से जन सुनवाई करते हुए समस्याओं का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर करने के निर्देश दिये।

तहसील दिवस कार्यक्रम के दौरान अमरनाथ आर्य निवासी अन्यारीकोट पोओ बज्वाड़ द्वारा राशन कार्ड नहीं बनने, कमला देवी निवासी अफसर कालोनी व अन्य निवासियों द्वारा सीवर लाइन खराब होने एवं सोनी बिष्ट निवासी न्यू कालोनी धारानौला विद्युत के तारों से खतरा विषयक शिकायत दर्ज करायी। जिस पर प्रभारी जिलाधिकारी ने जिला पूर्ति अधिकारी अल्मोड़ा, अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिये कि उक्त शिकायतों को एक सप्ताह के भीतर निस्तारण करते हुए शिकायतकर्ता को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## न्यूज डायरी

### गैरसैंण में आज से उपवास करेंगे उक्रांद कार्यकर्ता

**संवाददाता** गोपेश्वर। गैरसैंण में विधानसभा सत्र की मांग को लेकर उत्तराखंड क्रांति दल के कार्यकर्ता मंगलवार से भराड़ीसैंण में 24 घंटे का उपवास करेंगे। दल के पूर्व अध्यक्ष त्रिवेंद्र सिंह पंवार के नेतृत्व में यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता सतीश सेमवाल ने बताया कि नेता सदन और नेता प्रतिपक्ष ठंडे मौसम का बहाना बनाकर गैरसैंण में विधानसभा सत्र नहीं चलाना चाहते हैं, जिससे साफ है कि भाजपा व कांग्रेस गैरसैंण राजधानी के पक्ष में नहीं हैं। कहा कि भाजपा व कांग्रेस ने कभी भी दिल से गैरसैंण को स्थाई राजधानी के रूप में स्वीकार नहीं किया। अब तक भराड़ीसैंण में भवन निर्माण करना, विधानसभा सत्र की जो नौटंकी अभी तक कांग्रेस व भाजपा ने की है, वह मात्र उत्तराखंड क्रांति दल के दबाव में की है।

### छात्रों ने शैक्षिक भ्रमण में देखा आदिबदरी मंदिर

**संवाददाता** गौचर। राइंका गौचर के छात्रों ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत प्रसिद्ध तीर्थ व मंदिर समूह आदिबदरी व भराड़ीसैंण विधानसभा भवन का शैक्षिक भ्रमण कर जानकारी जुटाई। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. कुशल भंडारी ने कहा कि नौवीं व 11वीं कक्षा के 171 छात्रों के दल ने भराड़ीसैंण विधानसभा भवन, सचिवालय, मंत्री व विधायक आवास, मुख्यमंत्री व राज्यपाल आवासों का अवलोकन किया। इसके अलावा, छात्रों को भराड़ीसैंण से चौखंबा, नीलकंठ, नंदा देवी आदि पर्वतमालाओं व जलवायु की जानकारी दी गई।

### भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस को ग्रेट मैनेजर अवार्ड मिला

**संवाददाता** देहरादून। भारती एक्सा लाइफ इंश्योरेंस, भारत के अग्रणी बिजनेस समूहों में से एक, भारती इंटरप्राईजेस और दुनिया की सबसे बड़ी इंश्योरेंस कंपनियों में से एक, एक्सा के बीच संयुक्त उपक्रम को कंपनी में उत्कृष्ट मैनेजेरियल प्रदर्शन करने के लिए ‘कंपनीज विद ग्रेट मैनेजर्स अवार्ड’ दिया गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान भारती एक्सा लाईफ इंश्योरेंस को हाल ही में आयोजित ग्रेट मैनेजर अवार्ड्स 2019 के चौथे संस्करण में दिया गया। यह एक पीपुल बिजनेस अभियान है, जो उत्कृष्ट संगठनों को पहचानकर उन्हें सम्मानित व पुरस्कृत करता है। कंपनी को बेहतरीन प्रबंधकों वाली सर्वोच्च 20 कंपनियों की सूची में स्थान मिला है। यह स्थान कंपनी को पीपुल एवं चेंज मैनेजमेंट के व्यवसाय में प्रबंधकीय उत्कृष्टता के लिए मिला है।